# यूपी में निवेश को बढ़ावा देने के लिए इन्वेस्ट यूपी ने जर्मन दूतावास के साथ की रणनीतिक वार्ता

हिन्द भास्कर।
लखनऊ, उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से, इन्वेस्ट यूपी की जर्मनी डेस्क ने जर्मनी में भारत के राजदूत श्री अजीत विनायक गुप्ते के साथ शुक्रवार को एक उच्च–स्तरीय वर्चुअल बैठक आयोजित की। इस महत्वपूर्ण सत्र का नेतृत्व मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार डॉ. के.वी. राजू ने किया। राजदूत गुप्ते ने उत्तर प्रदेश के निवेश–अनुकूल माहौल की सराहना की और इंडो–जर्मन चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईजीसीसी) जैसे प्रमुख जर्मन व्यापार संघों तथा क्षेत्र–विशिष्ट संघों के साथ संवाद स्थापित करने का सुझाव दिया। साथ ही, उन्होंने उत्तर प्रदेश की निवेश क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए जर्मनी के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में एक विशेष रोड शो आयोजित करने की भी सलाह दी। इस चर्चा में उन्नत विनिर्माण, रक्षा और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत–जर्मन आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया गया। यूपी में राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे, समयबद्ध त्वरित निर्णय एवं पारदर्शिता के साथ कार्य कुशलता के बदौलत निवेशकों के लिए मुफीद है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के मंशा के अनुरूप अधिकारियों की अतिथि देवो भव के भाव के साथ उनके कार्य कुशलता से निवेशकों को आकर्षित करने का इन्वेस्ट यूपी एक सशक्त माध्यम बना है। यूपी–जर्मनी सहयोग को और मजबूत करने के लिए, इन्वेस्ट यूपी ने कई रणनीतिक पहलें प्रस्तावित कीं। इनमें जर्मन व्यापार मेलों में भागीदारी, विशेष व्यावसायिक गोलमेज बैठकें और रणनीतिक रोड शो शामिल हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर बनाना। नई साझेदारियों को बढ़ावा देना। जर्मन उद्योगों के लिए यूपी को आकर्षक राज्य के रूप में स्थापित करना है।

